



# ‘हनुमान चालीसा’ बजाने पर व्यापारी पर हुए हमले के खिलाफ भाजपा का विरोध प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। नगरथपेट में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ‘अजान’ के दौरान अपनी दुकान में तेज आवाज में कथित तौर पर ’हनुमान चालीसा’ बजाने को लेकर युवाओं के एक समूह द्वारा एक व्यापारी पर हमला किये जाने की घटना के विरोध में प्रदर्शन किया। एक व्यापारी पर हमले की घटना के संबंध में दो और व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मौके पर सांसद पीसी मोहन, तेजस्वी सूर्या, केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे और भाजपा विधायक एस सुरेश कुमार और अनेक कार्यकर्ताओं को पुलिस ने एहतियातन हिरासत में लिया।

बेंगलूरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने कहा कि घटना के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से दो को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है, एक और व्यक्ति को अभी हिरासत में लिया जाना है। भाजपा ने पीड़ित मुकेश की दुकान से शांतिपूर्ण मार्च निकालने का आह्वान किया था, जिसमें प्रतिभागियों ने ’हनुमान चालीसा’ का पाठ किया। पुलिस के अनुसार, युवाओं के एक समूह ने ’अजान’ के दौरान रविवार को जुमा मस्जिद रोड पर अपनी दुकान में तेज आवाज में मुकेश द्वारा ’हनुमान चालीसा’ बजाने पर आपत्ति जताई और उसके साथ मारपीट की थी। सुरेश कुमार ने आरोप लगाया हनुमान चालीसा बजाने वाले व्यापारी पर हमला होना बेहद दुखद है। समाज में शांति भंग करने की कोशिश की जा रही है।

बेंगलूरु दक्षिण लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार तेजस्वी सूर्या ने आरोप लगाया कि पुलिस ने कांग्रेस सरकार के दबाव में आकर उचित प्राथमिकी दर्ज नहीं की। भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष सूर्या ने संवाददाताओं से कहा केवल मुकेश (वह व्यापारी जिसे पीटा गया था) फिर से पुलिस थाने गया और शिकायत दर्ज कराई, तथ्य प्राथमिकी में डाले गए। हमने पुलिस को आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए समय सीमा दी थी। छह लोगों में से पांच को गिरफ्तार कर लिया गया है, उन्होंने आश्वासन दिया है कि छठे आरोपी को मंगलवार को शाम गिरफ्तार कर लिया जाएगा। प्राथमिकी दर्ज करने में देरी के आरोप का पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने खंडन किया। उन्होंने कहा घटना के बारे में जानने के तुरंत बाद पुलिस उपायुक्त मौके पर पहुंचे और उसी शाम मामला दर्ज किया गया, जब घटना हुई थी।





## कर्नाटक में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी आधारित अनेक पहल कर रहा है चुनाव आयोग

बेंगलूरु। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि लोगों को मतदान केंद्रों का पता लगाने के वास्ते मतदाता पर्चियों पर अंकित क्यूआर कोड का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही कर्नाटक में आगामी लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई पहल की जा रही हैं। इनमें मतदाता हेल्पलाइन, ‘अपने उम्मीदवार को जानिए’, मतदान केंद्रों पर पार्किंग की सुविधा आदि जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल शामिल है। आयोग मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करने के मकसद से कई सोशल मीडिया ‘इन्फ्लूएंसर’ के साथ भी साझेदारी कर रहा है।

# प्रदेश में हिंदू विरोधी लहर चल रही है : प्रह्लाद जोशी भड़के

## अब हनुमान चालीसा पढ़ने वालों पर हमला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि राज्य में हिंदू विरोधी और राष्ट्र विरोधी आंदोलन तीव्र है और इन सबका कारण कांग्रेस सरकार है। मंगलवार को हुब्बल्ली में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान राज्य में ऐसे हिंदू विरोधी कृत्य क्यों हो रहे हैं? उन्होंने इसके लिए कांग्रेस सरकार के नरम रवैये को जिम्मेदार ठहराया। विधान सौधा में ’पाकिस्तान जिंदाबाद’ के नारे पर कोई कार्रवाई नहीं की और एफएसएल रिपोर्ट को दबा दिया।



बेंगलूरु में रामेश्वर कैफे में बम हुए ब्लास्ट का आरोपी अभी भी गिरफ्त में नहीं आयो है। अब बेंगलूरु में हनुमान चालीसा सुनने वाले पर हमला हुआ है। इसका मतलब है कि राज्य में हिंदुओं को कोई सुरक्षा नहीं है। मंत्री जोशी ने सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। विधानसौधा में पाक समर्थित नारों और बम ब्लास्ट मामले में कितने लोगों पर मामला दर्ज किया गया है? राज्य सरकार अब तक इस बारे में कुछ नहीं बोल रही है। जबकि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाये जाने चाहिए। सरकार के इस ढुलमुल रवैया का हम कड़ी निंदा करते हैं।

कांग्रेस सरकार हिंदू विरोधी आंदोलन चलाने वाले उपद्रवियों को आश्रय दे रही है। मंत्री प्रहलाद जोशी ने चेतावनी दी कि अगर तुष्टिकरण की राजनीति की गई तो जनता करारा जवाब देगी।

# बेंगलूरु ग्रामीण क्षेत्र में मतदाताओं को लुभाने के लिए कुकर बांट रही है कांग्रेस : कुमारस्वामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जनता दल (एस) के नेता एच डी कुमारस्वामी ने बेंगलूरु ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं को लुभाने के लिए कांग्रेस पर कुकर बांटने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन क्षेत्र में अर्धसैनिक बलों की तैनाती की मंगलवार को मांग की।

कुमारस्वामी ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और उनके भाई एवं बेंगलूरु ग्रामीण सीट से मौजूदा सांसद और उस सीट से कांग्रेस उम्मीदवार डी के सुरेश पर निशाना साधते हुए निर्वाचन क्षेत्र में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और सीईओ (जिला पंचायत) पर निष्पक्ष चुनाव कराने का ‘‘साहस’’ नहीं होने का आरोप लगाया तथा निर्वाचन आयोग से उन्हें हटाने का आग्रह किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुकर, साड़ी समेत अन्य वस्तुओं के वितरण का एक दौर पहले ही पूरा हो चुका है।

जद(एस) के प्रदेश अध्यक्ष कुमारस्वामी ने कहा, ‘‘बेंगलूरु ग्रामीण में इस चुनाव में सत्ता का दुरुपयोग, बाहुबल और धनबल का इस्तेमाल किया जा रहा है। वे (कांग्रेस) अधिकारियों की मदद से चुनाव जीतना चाहते हैं। मैं राज्य के अधिकारियों को चेतावनी देना चाहता हूं।’’

उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में मतदाताओं को लुभाने के लिए कांग्रेस द्वारा कथित तौर पर वितरित किए जाने वाले कुकर की तस्वीरें और वीडियो दिखाते हुए सवाल किया, अगर कांग्रेस ने वास्तव में गरीबों के लिए काम किया है और अगर उन्हें विश्वास है कि लोगों ने पिछले एक साल में उनके कार्यक्रमों को पसंद किया है, तो उन्हें इस तरह से चुनाव क्यों कराना पड़ रहा है?



उन्होंने कहा, ‘‘क्या इस राज्य में कोई निर्वाचन आयोग है? क्या वहां उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक (एसपी) हैं? निर्वाचन आयोग क्या कर रहा है? चुनाव की घोषणा के बाद बेंगलूरु ग्रामीण संसदीय क्षेत्र में क्या हो रहा है? मैं मुख्य निर्वाचन आयुक्त से इस पर गौर करने की मांग करता हूं।’’ जदएस और भाजपा के बीच गठबंधन व्यवस्था के अनुसार, प्रसिद्ध सर्जन सी एन मंजूनाथ इस वोक्कालिगा बहुल क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार हैं। वह पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के दामाद हैं। कुमारस्वामी ने कहा कि बेंगलूरु ग्रामीण में जो सब चल रहा है, इसके बारे में उन्होंने कर्नाटक में निर्वाचन अधिकारियों को अवगत कराया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ये मतदाताओं के लिए वितरित किए जाने वाले कुकर की तस्वीरें हैं...कल भी, उन्होंने दो वाहनों को ‘लोड’ किया है और चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद चार लाख से अधिक कुकर वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी कुकर बांटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा, कल रात दो लाख दस हजार कुकर वितरण के लिए भेजे जाने के लिए (एक वाहन में) ‘लोड’ किए गए थे। यह कर्नाटक में चुनाव की स्थिति है...एक दिन पहले हमारे जद (एस) कार्यकर्ताओं ने मारलावाडी होबली में कुकर के साथ दो वाहनों को पकड़ा है और अधिकारियों को सूचित किया। कुमारस्वामी ने उस गोदाम की तस्वीरें दिखायी जहां कथित तौर पर कुकर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के संज्ञान में लाये, जिन्होंने रामनगर के उपायुक्त (डीसी) को इस पर गौर करने का निर्देश दिया। डीसी ने मामला वाणिज्य कर विभाग को भेज दिया। हालांकि, मौके पर जाने पर विभाग के अधिकारियों ने दावा किया कि उन्हें वहां ऐसी कोई गतिविधि नहीं मिली। उन्होंने कहा, ‘‘लेकिन सच्चाई यह है कि यह अभी भी चल रहा है और आज भी इस उद्देश्य के लिए कुकर का निर्माण किया जा रहा है। डीके बंधुओं (शिवकुमार और सुरेश) ने (निर्माताओं को) बिना किसी लेबल’ के कुकर बक्से भेजने का निर्देश दिया है और आपूर्ति लेने के बाद वे अपनी तस्वीरों के साथ लेबल एक अलग जगह पर चिपका देंगे।’’ कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि विनिर्माण हरोहल्ली औद्योगिक क्षेत्र में किया जा रहा है। अधिकारियों और कांग्रेस नेताओं को चेतावनी देते हुए कुमारस्वामी ने कहा, अगर इन गतिविधियों को तुरंत नहीं रोका गया, तो वह जद (एस) कार्यकर्ताओं को उन जगहों पर आग लगाने के लिए बुलाएंगे जहां मतदाताओं के बीच वितरित करने के लिए कुकर रखे गए हैं। उन्होंने कहा, मैं देखता हूं कि कौन मामला दर्ज करता है।

## बीजेपी से कोई मतभेद नहीं : कुमारस्वामी

बेंगलूरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने मंगलवार को कहा कि जेडीएस और बीजेपी के बीच कोई मतभेद नहीं है। कुमारस्वामी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, बीजेपी के साथ हमारे रिश्ते में कोई फर्क नहीं आया है। मैंने बीजेपी से गठबंधन के धर्म का पालन करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि कोलार सीट को लेकर जारी संशय पर भी जल्द ही विराम लग जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, वर्तमान में कोलार सीट बीजेपी के पास है। ऐसे में पार्टी इसे जेडीएस को देने के पक्ष में नहीं है। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने इससे पहले जेडी(एस) कार्यकर्ताओं को कांग्रेस में शामिल होने का आह्वान किया था। इस पर कुमारस्वामी ने कहा, शिवकुमार हमें आपकी सहानुभूति की आवश्यकता नहीं है। 2002 के कर्नाटक उपचुनाव के नतीजों की इस बार पुनरावृत्ति होने जा रही है। 2002 में एस.एम. कृष्णा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में शिवकुमार मंत्री थे।

उन्होंने कहा, शिवकुमार को पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के विरुद्ध सियासी मैदान में उतारा गया था। तब फेक वोटर्स कई जगह शामिल कर लिए गए थे। जेडी (एस) कार्यकर्ताओं ने मुफ्त सामान ले जा रहे वाहन को आग लगा दी और लोगों को अपने कपड़े उतारकर शॉर्ट्स पहनकर बैठने के लिए मजबूर कर दिया।

# विजयेंद्र को सदानंद के पार्टी में बने रहने का भरोसा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





बेंगलूरु। कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने मंगलवार को अगले लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने के फैसले के बावजूद पूर्व मुख्यमंत्री सदानंद गौड़ा के पार्टी में बने रहने का भरोसा जताया। विजयेंद्र ने बेंगलूरु उत्तर सहित विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा करने में भाजपा की तैयारियों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनकी पिछली भूमिका के कारण पार्टी के प्रति गौड़ा की निष्ठा बरकरार रहेगी।

विजयेंद्र ने कहा, मैं स्पष्ट कर दूं कि यह सदानंद गौड़ाजी ही हैं जिन्होंने घोषणा की थी कि वह अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने जा रहे हैं। इस बीच, पार्टी ने पहले ही एक स्टैंड ले लिया था और बेंगलूरु उत्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए एक उम्मीदवार भी घोषित कर दिया था। उन्होंने कहा, हम सदानंद गौड़ाजी के संपर्क में हैं। आज सुबह भी हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उनसे बात की है। हमें विश्वास है कि वह निश्चित रूप से भाजपा के साथ रहेंगे क्योंकि वह हमारे पूर्व मुख्यमंत्री हैं। साथ ही चीजें सुचारू रूप से चलेंगी। दूसरी ओर विजयेंद्र ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों को खोजने में कांग्रेस पार्टी के संघर्ष की आलोचना की। उन्होंने इस कठिनाई के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के कारण कांग्रेस मंत्रियों की चुनाव लड़ने की अनिच्छा को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही, उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस कमजोर स्थिति में है और दूसरे दलों के नेताओं के उनके साथ आने और अपने टिकट का जवाब देने के इंतजार का सहारा ले रही है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस को लोकसभा के लिए उम्मीदवार नहीं मिल पा रहे हैं क्योंकि अधिकांश निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस ने अभी तक अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है क्योंकि उनके पास उम्मीदवार ही नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में महत्वपूर्ण संख्या में लोकसभा सीटें जीतने के कांग्रेस पार्टी के पहले के दावे उम्मीदवार चयन में आने वाली चुनौतियों के कारण साकार होने की संभावना नहीं है जो मुख्य रूप से मोदी की लोकप्रियता से प्रेरित है।

## सदानंद गौड़ा आज अपने भावी राजनीतिक कदम का खुलासा करेंगे

बेंगलूरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नाराज सांसद डी वी सदानंद गौड़ा ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस और भाजपा के लोगों ने उनसे संपर्क किया है, वह उचित समय पर अगले कदम के बारे में निर्णय लेंगे। बेंगलूरु उत्तर से दोबारा चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं मिलने से नाराज 71 वर्षीय पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन बुलाने की योजना बनाई है, जिसमें वह सबकुछ साझा करेंगे। गौड़ा ने संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस और भाजपा के लोगों ने मुझसे पूछा है कि क्या निर्णय लेना है, मैं उचित समय पर फैसला करूंगा। यह पूछे जाने पर कि क्या भाजपा आलाकमान ने उनसे संपर्क किया है, उन्होंने कहा कि वह बुधवार को सब कुछ साझा करेंगे, अन्यथा कल कहने के लिए कुछ नहीं रहेगा।

# आयकर विभाग ने खानपान की श्रृंखला पर छापेमारी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। आयकर विभाग ने खानपान का कारोबार करने वाली एक प्रसिद्ध श्रृंखला पर मंगलवार को छापा मारा है।

इस श्रृंखला के बेंगलूरु के पॉश इलाकों में रेस्तरां हैं। इस खानपान की श्रृंखला का स्वामित्व हैदराबाद स्थित कारोबारी समूह के पास है और इसके कोरमंगला और इंदिरा नगर समेत बेंगलूरु में नौ रेस्तरां हैं। यह पता नहीं चल सका है कि छापे कर चोरी से संबंधित हैं या इनका कारण कुछ और है, क्योंकि आयकर अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। रेस्तरां के मालिक टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे।

# बेंगलूरु स्कूल के पास मिली विस्फोटक सामग्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु स्थित एक निजी स्कूल के पास खाली जमीन से विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। पुलिस ने मौके से जिलेटिन की छड़ें, डेटोनेटर और अन्य विस्फोटक पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, यह पदार्थ स्कूल के पास एक खाली जगह पर खड़े ट्रैक्टर में रखा गया था। इस सूचना के बाद बेंगलूरु पुलिस मौके पर पहुंची और विस्फोटक सामग्री बरामद की।

सूत्रों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन पदार्थों का इस्तेमाल कंस्ट्रक्शन साइट पर बोल्डर्स को तोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेने के बाद जांच शुरू कर दी है। इससे पहले बेंगलूरु के कई स्कूलों में ई-मेल के जरिए बम धमाके किए जाने की धमकी दी जा चुकी हैं। अधिकारियों ने किसी भी प्रकार की कोताही ना बरतते हुए मामले को संज्ञान में लेने के बाद जांच तेज कर दी है।

## दिवंगत भाजपा कार्यकर्ता को याद कर भावुक हुए प्रधानमंत्री मोदी

सेलम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को यहां उस वक्त भावुक हो गए जब उन्होंने 10 साल पहले जिले में मारे गए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता को याद किया। इस कुछ समय के लिए उन्होंने अपना भाषण रोक दिया। भाजपा द्वारा आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने दिवंगत भाजपा नेता के एन लक्ष्मणन सहित जिले से जुड़ी तीन हस्तियों को याद किया। हालांकि, वह ‘ऑडिटर’ रमेश के बारे में बात करते हुए भावुक हो गए, जिनकी हत्या कर दी गई थी। इस दौरान, प्रधानमंत्री ने कुछ समय के लिए अपना भाषण रोक दिया। जब फिर से बोलना शुरू किया तो उन्होंने पार्टी के लिए रमेश के योगदान को याद किया।

उन्होंने कहा, मैं ऑडिटर रमेश को नहीं भूल सकता। दुर्भाग्य से आज रमेश हमारे बीच नहीं हैं।

# लोगों को महल में आने की जरूरत नहीं, मैं बाहर निकलूंगा : यदुवीर वाडियार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। मैसूरु शाही परिवार के वंशज और मैसूर-कोडगु संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार यदुवीर वाडियार ने सोमवार को कहा कि लोगों को अपनी शिकायतें लेकर महल में आने की जरूरत नहीं है, क्योंकि वह बाहर निकलेंगे और एक आम पार्टी कार्यकर्ता के रूप में काम करेंगे। मैसूरु के एक होटल में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि मैं महल से बाहर निकलूंगा और एक आम पार्टी कार्यकर्ता के रूप में काम करूंगा। यदुवीर वाडियार ने कहा कि मेरे पिता चार बार सांसद रहे। हमारे सभी दलों से अच्छे संबंध हैं। मेरे विचार भाजपा की विचारधारा से मेल खाते हैं। महल से लोगों का भावनात्मक लगाव है। संविधान के तहत सभी बराबर हैं। मैं भी दूसरे लोगों की तरह एक सांसद के रूप में अपनी जिम्मेदारियां निभाऊंगा। तकनीक के माध्यम से संचार किया जा सकता है। आपको (लोगों को) महल में आने की जरूरत नहीं है। मैं महल से बाहर आऊंगा। मैं ये इसलिए नहीं कह रहा हूं, क्योंकि मैं



राजा हूं। महल की एक विरासत है। इसके अलावा मैं आम नागरिक ही रहूंगा। मुझे सांसद के रूप में भी संबोधित किया जा सकता है और प्रतिनिधि के रूप में भी। उन्होंने कहा कि मेरी मां प्रमोदा देवी वाडियार को चुनाव प्रचार के लिए आने की कोई जरूरत नहीं है। उनका आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ रहेगा। मौजूदा सांसद प्रताप सिम्हा, जिन्हें मैसूरु-कोडगु सीट से चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं दिया गया था, वह भी अभियान में शामिल हुए।

सांसद सिम्हा ने कहा कि मैंने पार्टी या पार्टी के लोगों को धोखा नहीं दिया है। भाजपा आलाकमान ने मुझे यह नहीं बताया कि 2014 में मुझे चुनाव के लिए टिकट क्यों दिया गया था। मैंने यह भी नहीं पूछा कि उन्होंने मुझे टिकट देने का फैसला क्यों किया। अब मैं यह सवाल नहीं उठाऊंगा कि मुझे टिकट क्यों नहीं दिया गया। सांसद ने कहा कि यह अप्रासंगिक है कि मुझे कांग्रेस पार्टी से कोई प्रस्ताव मिला है या नहीं। यदुवीर वाडियार की जीत सुनिश्चित करना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। देश को प्रधानमंत्री मोदी की जरूरत है। पीएम मोदी के पक्ष में हाथ उठाने के लिए हमें मैसूरु से एक प्रतिनिधि की जरूरत है।

# प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु पर बहुत कम ध्यान दिया : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई/नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तमिलनाडु दौरे से पहले मंगलवार को दावा किया कि उन्होंने दक्षिण भारत के इस राज्य की ओर बहुत कम ध्यान दिया है। प्रधानमंत्री मंगलवार को तमिलनाडु के सेलम जिले एवं केरल के पालक्कड़ के दौरे पर होंगे। रमेश ने सोशल मीडिया मंच ’एक्स’ पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री आज तमिलनाडु के सलेम और केरल के पालक्कड़ का दौरा कर रहे हैं। कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न हैं जिनका उन्हें अवश्य समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री पिछले कुछ हफ्तों में तमिलनाडु का लगातार दौरा कर रहे हैं, हालांकि उन्होंने इस राज्य पर बहुत कम ध्यान दिया है। उदाहरण के लिए, दिसंबर 2023 में चक्रवात संकट के दौरान उन्होंने राज्य में कदम नहीं रखा।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने चक्रवात के बाद पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिए मोदी सरकार से 37,907 करोड़ रुपये जारी करने का आग्रह कई बार किया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री की तमिलनाडु के लोगों की इस महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करने की कोई योजना है? रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी की सेलम यात्रा के दौरान, उम्मीद है कि उनकी नजर उन कई कपड़ा फैक्ट्रियों पर पड़ेगी जिन्होंने काम बंद कर दिया या मजदूरों के लिए काम के घंटे कम कर दिए हैं। उन्होंने सवाल किया, नोटबंदी, जीएसटी और अनियोजित कोविड-19 लॉकडाउन से भारत की एमएसएमई विनिर्माण क्षमताओं को अकेले नष्ट करने के बाद, इन कपड़ा कारखानों को बचाने के लिए प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण क्या है?

